लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 277

02 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

तमिलनाडु में पीएम पार्क

277. डॉ. गणपथी राजकुमार पी.:

श्री तमिलसेल्वन थंगा:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु में विरुदुनगर, कोयंबटूर/तिरुपुर में पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) पार्क की स्थापना का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) आज की तिथि के अनुसार विरुदुनगर, कोयंबटूर/तिरुपुर में पीएम मित्र पार्क को आवंटित तथा जारी की गई कुल राशि कितनी है;

(घ) उक्त पार्क अपना वाणिज्यिक संचालन/कार्य कब तक शुरू करेगा;

(ङ) क्या सरकार की तमिलनाडु के विरुदुनगर, कोयंबटूर/तिरुपुर में एक और पीएम मित्र पार्क स्थापित करने की कोई योजना है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) से (घ): निवेश आकर्षित करने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजार में स्वयं को मजबूती से स्थापित करने के उद्देश्य से, सरकार ने वर्ष 2021-22 से 2027-28 की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों पर प्लग एंड प्ले सुविधा सहित विश्व स्तरीय अवसंरचना वाले 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं अपैरल (पीएम मित्र) पार्कों की स्थापना को मंजूरी दी है।

मंत्रालय को मेगा वस्त्र पार्क स्थापित करने के लिए 13 राज्यों से 18 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे और पीएम मित्र पार्क की स्थापना के लिए तमिलनाडु (विरुधुनगर) में एक साइट सहित 7 साइटों को अंतिम रूप दिया गया है। अन्य चयनित साइट तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती) हैं।

भारत सरकार की ओर से पीएम मित्र पार्कों के विकास के लिए परियोजना लागत के 30% की दर से विकास पूंजी सहायता (डीसीएस) का प्रावधान है, जिसमें ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड पीएम मित्र पार्कों के लिए प्रति पार्क क्रमशः अधिकतम 500 करोड़ रुपये और 200 करोड़ रुपये की सहायता दी जाएगी। अब तक, पीएम मित्र पार्क तमिलनाडु को 50 करोड़ रुपये की विकास पूंजी सहायता (डीसीएस) जारी की गई है।

(ङ) और (च): वर्तमान में पीएम मित्र योजना के तहत किसी अन्य पार्क को स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

***